**वारदात** | मोबाइल लूटा, लहूलुहान छोड़कर दरवाजा बाहर से बंद कर भागा आरोपी

# आशिक ने शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर युवती का चाकू से रेता गला

**नवभारत, जबलपुर।** गोरखपुर अंतर्गत रामपुर में एकतरफा प्यार और सनक में सिरफिरे आशिक ने खूनी खेल दिया ।शादी का प्रस्ताव ठुकराए जाने से नाराज होकर आरोपी ने हत्या की नीयत से युवती का चाकू से गला रेत दिया। ताबड़तोड़ चाकू से वार किए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़िता का मोबाइल लूटा और उसे कमरे के अंदर लहूलुहान हालत में छोड़कर, बाहर से कुंडी लगाकर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रामपुर में किराए के मकान में रहने वाली 28 वर्षीय युवती वर्तमान में एक निजी संस्थान में डेटा ऑपरेटर है। उसकी 30 वर्षीय बड़ी बहन चार दिन पहले ही जबलपुर आई थी। वह सुबह 10 बजे अपनी ड्यूटी पर चली गई थी और घर पर उसकी बड़ी बहन अकेली थी। शाम करीब 6:15 बजे जब वह ड्यूटी से तीसरी मंजिल पर स्थित अपने किराए के कमरे पर वापस लौटी, तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। जैसे ही उसने गेट खोला और अंदर दाखिल हुई, तो नजारा देखकर उसके होश उड़ गए।

### कमरे में दिखा खौफनाक मंजर, खून से सनी थी बहन

छोटी बहन ने जब दरवाजे को खोला तो खौफनाक मंजर दिखा । जब उसने दरवाजा खोलने के बाद बाईं तरफ जमीन पर उसकी नजर पड़ी तो उसकी बड़ी बहन खून से



लथपथ हालत में दीवार के सहारे बैठी थी और कमरे में चारों तरफ खून फैला हुआ था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़िता का मोबाइल छीनने के बाद उसे तड़पता छोड़ बाहर से कुंडी लगाकर भाग निकला था।

तड़पते सुनाई आपबीती, बोली, आरोपी ने कहा, शादी करो, वरना मार डालूंगा तड़प रही बड़ी बहन ने अपनी छोटी बहन को बताया कि शाम करीब 4 बजे उसका दोस्त मयूर चौरसिया कमरे के अंदर आया था। मयूर उस पर जबरन शादी करने का दबाव बनाने लगा। जब युवती ने उसकी इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया, तो मयूर आगबबूला हो गया। उसने अपने पास रखे चाकू से युवती की हत्या करने की नीयत से उसके गले पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जब पीड़िता ने खुद को बचाने का प्रयास किया, तो उसके दाहिने हाथ में भी गहरे जख्म हो गए।

### आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 पल्लवी शुक्ला ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन कर दी गई है। पुलिस की टीम आरोपी मयूर चौरसिया के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

### तीन अस्पतालों के काटे चक्कर, हालत नाजुक

घायल बहन की चीख-पुकार और बदहवास हालत देखकर छोटी बहन उसे तुरंत उपचार के लिए पहले सुले हॉस्पिटल लेकर भागी। वहां से उसे जबलपुर हॉस्पिटल रेफर किया गया, लेकिन घाव गहरे होने के कारण डॉक्टर ने उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी। फिलहाल, पीड़िता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर की टीम उसकी जान बचाने में जुटी है।

# जैविक हाट बना स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं की पहली पसंद

**जबलपुर ।** कृषि उपज मंडी परिसर में जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के मार्गदर्शन में प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जा रहा साप्ताहिक जैविक हाट लगातार लोकप्रियता हासिल कर रहा है। जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित यह हाट अब शुद्धता, गुणवत्ता और भरोसे की पहचान बनता जा रहा है।




इस रविवार को आयोजित हाट में जिले के विभिन्न विकासखंडों से लगभग 30 से 35 जैविक किसानों ने सहभागिता की। किसानों द्वारा जैविक अनाज, दलहन, गिर गाय के दूध का दही, बिलौना घी, ताजी सब्जियां, फल, कोल्ड प्रेस्ड तेल, मसाले, दाल, आटा, गेहूं, चावल, गुड़ तथा अन्य जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया गया। उप संचालक कृषि यू के कटहरे ने जैविक हाट का निरीक्षण कर विक्रेताओं से जैविक उत्पाद तैयार करने की पद्धति तथा उनसे प्राप्त उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को अपने जैविक उत्पादों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए, जिससे उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़े तथा उन्हें व्यापक बाजार उपलब्ध हो सके। अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी ने किसानों को आईडी कार्ड की अनिवार्यता संबंधी निर्देश दिए। जैविक हाट के सफल संचालन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एस के परतेती, के के डेहरिया, सुश्री निधि भलावी, सुश्री सुषमा कुलेश, गौतम यादव सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अज्ञात बाइक की टक्कर से खंभे से टकराया युवक, मौत

**नवभारत,जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत गौरहा आम रोड पर रविवार सुबह रफ्तार के कहर ने एक 23 वर्षीय युवक की जान ले ली। नागपुर से लौटकर अपने घर जा रहे युवक को पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक बाइक समेत सड़क किनारे लगे खंभे से जा टकराया। सिर और नाक पर गंभीर चोट आने के कारण अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नादघाट सिहोरा निवासी गंगाराम कुशवाहा (27) अपने दोस्त साजन कुशवाहा (23) के साथ नागपुर गया हुआ था। रविवार सुबह करीब 4 बजे दोनों बस से उल्दना ब्रिज के पास उतरे। घर जाने के लिए गंगाराम



ने फोन करके अपने दोस्तों अंकित कुशवाहा और मोनू विश्वकर्मा को उल्दना मोड़ पर बाइक लेकर बुलाया। दोस्त साजन की मोटरसाइकिल और गंगाराम के घर से दूसरी बाइक लेकर मौके पर पहुंचे। गाड़ियां मिलने के बाद गंगाराम अपनी मोटरसाइकिल पर अंकित को पीछे बैठाकर चल पड़ा, जबकि साजन अपनी बाइक से आगे-आगे जा रहा था। सुबह करीब 5:30 बजे जैसे ही दोनों मोटरसाइकिलें गौरहा आम रोड पर पहुँची, तभी पीछे से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एन 0728 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए साजन की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही साजन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया। हादसे में साजन के सिर, नाक और पीठ पर जानलेवा चोटें आईं और उसकी मोटरसाइकिल भी चकनाचूर हो गई। लहूलुहान हालत में साजन को दोस्त अंकित के साथ तुरंत एम्बुलेंस से सिहोरा अस्पताल ले जाया गया। जहाँ गंभीर चोटों के कारण साजन कुशवाहा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# शादी डॉट कॉम पर फर्जी आईडी बनाकर युवतियों से दोस्ती, ब्लैकमेल कर लूटी अस्मत

**होटल में खींची थीं प्राइवेट तस्वीरें, शातिर बेंगलुरु से गिरफ्तार, भेजा गया जेल**

**नवभारत, जबलपुर।** मेट्रीमोनियल साइट शादी डॉट कॉम पर नाम बदलकर युवतियों को जाल में फंसाते हुए शादी का झांसा देकर होटलों में उनकी प्राइवेट तस्वीरें खींचने के बाद ब्लैकमेल कर शातिर युवक ने उनका शारीरिक शोषण किया। मामले में हाईप्रोफाइल ठग को पुलिस ने बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। इसके बाद जबलपुर लाने के बाद उसे रविवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी फर्जी पहचान बताकर लड़कियों से दोस्ती करता था और फिर उनकी प्राइवेट तस्वीरें व वीडियो होटल में



बनाकर ब्लैकमेल करता था।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित युवती ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि शादी डॉट कॉम पर पंकज सिंह नाम के एक युवक ने उससे संपर्क किया था। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और मुलाकात तय हुई। 14 मार्च 2026 को आरोपी युवती से मिलने जबलपुर के मैक्स होटल पहुंचा। होटल के रिकॉर्ड में आरोपी ने अपना असली आधार कार्ड दिया, जिसमें उसका नाम आदित्य सिंह दर्ज था। होटल में रुकने के दौरान आरोपी ने चुपके से युवती की कुछ प्राइवेट तस्वीरें खींच लीं। इसके बाद वह तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल करने और उसका पीछा करने लगा।

### अलग-अलग होटलों में लूटी आबरू

तस्वीरें वायरल करने का डर दिखाकर और शादी का झूठा वादा कर आरोपी ने युवती का लगातार शोषण किया। 28 मई 2026 को आरोपी ने दोबारा पीड़िता को अपने जाल में फंसाया और जबलपुर के होटल मैक्स, होटल शगुन और होटल एप्पल एन ले जाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। परेशान होकर पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### फोटो मिलान पर मिला क्लू

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जब रिकॉर्ड खंगाला और पूर्व के एक आरोपी की फोटो से मिलान किया, तो चेहरा पूरी तरह मैच हो गया। इससे साफ हो गया कि आरोपी आदतन अपराधी है और नाम बदलकर लड़कियों को शिकार बनाता है। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से ली। आरोपी के मोबाइल की सीडीआर और टावर लोकेशन ट्रेस की, जो बेंगलुरु की निकली। इसके तुरंत बाद जबलपुर पुलिस की एक विशेष टीम बेंगलुरु रवाना हुई।

### घर के पास से दबोचा, कोर्ट से मिली ट्रांजिट रिमांड

बेंगलुरु पहुंची पुलिस टीम ने टावर लोकेशन के आधार पर घेराबंदी की। स्थानीय लोगों को आरोपी की फोटो दिखाकर उसकी पहचान की गई। जैसे ही आरोपी अपने घर के पास नजर आया, पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी आदित्य सिंह पिता शिव शंकर सिंह, निवासी एसके गार्ड, बेंगलुरु सिटी, कर्नाटक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे बेंगलुरु के विद्यारानयापुरा थाने लेकर गई। इसके बाद आरोपी को बेंगलुरु की कोर्ट में पेश कर वहां से ट्रांजिट रिमांड मंजूर कराई और उसे जबलपुर पुलिस लेकर लौटी। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# 3 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब का जखीरा जब्त

**नवभारत,जबलपुर। बरेला** पुलिस ने कोसमघाट में दबिश देकर अवैध अंग्रेजी शराब का जखीरा पकड़ा है। इसके साथ ही मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 लाख 6 हजार रुपये कीमत की 408 बोतल शराब जब्त की है। शराब सप्लाई करने वाला मुख्य आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

बरेला थाना प्रभारी संगीता सिंह ने बताया कि बंगाली डेयरी पेट्रोल पम्प के पास, ग्राम कोसमघाट में घेराबंदी




की गई। बंगाली डेयरी के एक कमरे का दरवाजा खुला था, जहां दो युवक खाकी रंग के कार्टूनों की गिनती कर रहे थे। पुलिस ने प्रकाश चक्रवर्ती 26 वर्ष, निवासी ग्राम सालीवाड़ा और सौरभ पाल 26 वर्ष, निवासी अग्रवाल पेट्रोल पम्प के पास, बरेला को दबोचा। कमरे में रखे तख्त की तलाशी लेने पर कुल 34 कार्टून बरामद हुए, जिनमें भारी मात्रा में शराब भरी थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 408 बोतलें लगभग 306 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। बाजार में इसकी कीमत करीब 3 लाख 6 हजार रुपये बताई जा रही है। पूछताछ करने पर आरोपियों ने कबूला कि यह शराब उन्हें ग्राम सालीवाड़ा निवासी आकाश चक्रवर्ती ने बेचने के लिए लाकर दी थी। पुलिस ने आरोपी प्रकाश और सौरभ के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार मुख्य आरोपी आकाश चक्रवर्ती की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

### जहर खाने से युवक की मौत

जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गत ओमनगर निवासी युवक ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। जिसे परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले कर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मनीष राय 35 वर्ष निवासी ओमनगर गोहलपुर ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मनीष ने किन कारणों से जहर का सेवन किया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# कॉम्बिंग गश्त के दौरान 197 वारंटी और 10 तस्कर पकड़ाए

**नवभारत,जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 121 गैर म्यादी वारिटयों एवं 53 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 23 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर 10 लीटर कच्ची, 77 पाव देशी व 408 बॉटल अंग्रेजी शराब एवं



12 बॉटल बीयर जप्त की गयी है। कॉम्बिग गश्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई। कॉम्बिंग गश्त पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने अपराधों की रोकथाम के लिए बीती रात 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी के मार्ग निर्देशन में कराई गई।

**जलभराव का डर** | श्रीनाथ की तलैया के आसपास के लोगों को सताने लगा जलभराव का डर

# अफसरों के फरमान को गंभीरता से नहीं ले रहा सफाई अमला

**नवभारत,जबलपुर।** बारिश का सीजन बिल्कुल नजदीक है और ऐसे में नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी आए दिन बैठकें लेकर दिशा निर्देश तो सफाई अमले को दे रहे हैं लेकिन इन निर्देशों का जमीन पर असर नहीं दिखाई दे रहा है। जिससे स्पष्ट रूप से लग रहा है कि सफाई कर्मी अफसरों के निर्देशों को भाव नहीं दे रहे हैं। मामला तुलाराम चौक के सामने से जाने वाली उस गली जो जुड़ा है जो श्रीनाथ की तलैया तक जाती है। स्थानीय बुजुर्गों की माने तो समय रहते अगर निगम का अमला नहीं जागा तो वो दिन दूर नहीं जब श्रीनाथ की तलैया पानी से डूब जाएगी।



यहां के मौजूदा हालात की बात करें तो खुली नालियां जहां एक ओर संक्रामक बीमारियों का खतरा उत्पन्न कर रहीं हैं तो वहीं दूसरी तरफ गड्ढा खोदकर उसका मलबा वहीं छोड़ दिया गया है। ऐसे में श्रीनाथ की तलैया के रहवासियों को अब डर सताने लगा है कि कहीं बारिश फिर से नई मुसीबत न लेकर आ जाए। विदित हो कि हर बार बारिश के समय श्रीनाथ की तलैया के पास जलभराव की स्थिति निर्मित होती आई है इसलिए अब लोग पहले से ही जिम्मेदारों से पर्याप्त सफाई की मांग कर रहे हैं जिससे उन्हें बारिश में मुसीबत का सामना न करना पड़े। सामने आईं कुछ तस्वीरों में नजर आ रहा है कि यहां की कई नालियां भी कचरे से चोक हैं।

### युवक ने की खुदकुशी

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अंतर्गत आमनपुर निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक आशुतोष उसरेठे 26 वर्ष निवासी कालीमठ मंदिर के पास आमनपुर मदनमहल ने रविवार सुबह लगभग 11 बजे अपने घर फांसी लगा लिया था जिसे परिजन उपचार के लिए आनन फानन में मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने दोपहर लगभग 12-25 बजे परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता हीरालाल उसरेठे की सूच ना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।











